हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 12 मई, 2025

12 आपरेशन सिंदूर की सफलता राष्ट्रीय संकल्प और एकजुटता...



12 गोसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और गोकथा से श्रेष्ठ कोई...



## खबर संक्षेप

### शराब सहित दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी द्वारा शराब तस्करों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने बाईक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान राजेश कुमार उर्फ बग्गा पुत्र रेलूराम निवासी वार्ड नं. 5 भूना व विजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड नं. 9 भूना के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि पुलिस टीम एसआई ओमप्रकाश के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### मकान से हजारों की नकदी व गहने चोरी

**फतेहाबाद।** गांव भूथनकलां में चोरों ने एक मकान में घुसकर हजारों की नकदी व गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूथन कलां निवासी वीर सिंह ने कहा है कि गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए।

### युवती लापता, युवक व मां-बाप पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना से एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस मामले में परिजनों ने गांव के ही एक युवक व उसके माता-पिता पर उनकी लडक़ी को छिपाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भिरड़ाना निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि गत दिवस रात को उसकी 20 साल की लडक़ी अचानक घर से लापता हो गई।

### मोबाइल स्नैचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान प्रीतपाल पुत्र गुरदीप सिंह निवासी तलवंडी साबो जिला बठिंडा पंजाब व सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा उर्फ बाबा पुत्र बलवीर सिंह निवासी ललबाई जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान थाना बडागुढ़ा थाना क्षेत्र के गांव रघुआना से एक युवक को 7 ग्राम 32 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान गांव रघुआना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव रघुआना के नजदीक पहुंची तो गांव में गली से एक युवक पैदल चलकर आता हुआ दिखाई दिया।

### पीर से पंखे व नकदी चुराने का गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने बाबा बूटा बस्ती पीर से पंखा और गुल्लक से नकदी चुरोने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरमीत पुत्र बीरा राम निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना निवासी गीता देवी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह बाबा बूटा बस्ती पीर पर सफाई करती है और सेवादार है। पीर में रखे फर्राटा पंखे और गुल्लक में रखे पैसे को अज्ञात युवक चोरी कर ले गया है। इस पर जब उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो एक युवक चोरी करते नजर आया।

---

## फतेहाबाद : पानी सप्लाई की क्षमता 7 हजार से बढ़ाकर 10 हजार एलपीएम करने के लिए बदली मशीनरी


# ट्रीटमेंट प्लांट से शहर में 36 घंटों से नहीं हुई पेयजल की आपूर्ति

### 3 पुरानी मोटरें हटाकर उनकी जगह 40 हॉर्स पावर की मोटरें लगाने का काम शुरू

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

खैरातीखेड़ा रोड पर स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से शहर में पेयजल सप्लाई के लिए जलघर में पम्पिंग मशीनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। जिस कारण पूरे शहर में 36 घंटों से पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो पाई है। शनिवार रात से रविवार पूरा दिन जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जेई बलविन्द्र के नेतृत्व में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में 3 मशीनों की क्षमता बढ़ाने के काम में जुटे रहे। दरअसल, विभाग इस पम्पिंग मशीनरी को बड़ा करना चाहता है ताकि शहर में सप्लाई होने वाले पीने के पानी की क्षमता बढ़ाई जा सके। इससे पूर्व यहां 7 हजार लीटर प्रति मिनट यानि एलपीएम की क्षमता की मशीनरी थी, जिसके बढ़ाकर अब 10 हजार एलपीएम कर दिया गया है। इससे शहरवासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलेगा। पिछले दिनों पानी की कमी के कारण शहर के साथ-साथ गांवों में भी पानी की भारी किल्लत हो गई थी। सिंचाई विभाग द्वारा पेयजल के लिए नहरों में कुछ दिन के लिए पानी छोड़ा गया तो फतेहाबाद का रॉ वॉटर टेंक भी भर गया। अब इसमें 20 दिन पानी की कैपेस्टी है। जनस्वास्थ्य विभाग इसी पानी को शहर में पर्याप्त मात्रा में सप्लाई करना चाहता है। यहां पर अभी तक रॉ टेंक से आने के लिए 30 हॉर्स पावर के 7 हजार एलपीएम की क्षमता थी। यहां से पानी ट्रीट के लिए ट्रीटमेंट प्लांट में जाता है और वहां से पानी फिल्टर होकर क्लीयर टेंक में भेजा जाता है। क्लीयर टेंक से पानी शहर के विभिन्न बूस्टिंग स्टेशनों पर जाता है और यहां से पूरे शहर में शेड्यूल के अनुसार सुबह व शाम दो टाइम पानी छोड़ा जाता है। शहर में आबादी भी बढ़ी और अब गर्मी का मौसम आया तो पानी की डिमांड बढ़ गई। जनस्वास्थ्य विभाग ने 7 हजार एलपीएम की क्षमता बढ़ाकर 10 हजार एलपीएम करने के लिए शनिवार को डब्ल्यूटीपी पर काम शुरू किया। इसके लिए 3 पुरानी मोटरें हटाकर उनकी जगह 40 हॉर्स पावर की मोटरें लगाने का काम शुरू किया गया। यही कारण रहा कि शनिवार दोपहर को शहर में पानी नहीं आया। रविवार सुबह व रविवार दोपहर को भी पेयजल सप्लाई नहीं हो सकी। हालांकि विभाग के जेई का कहना था कि पानी दोपहर 2 बजे छोड़ दिया जाएगा लेकिन काम की अधिकता के चलते देर शाम तक ही पानी की सप्लाई शुरू हो पाई।





**फतेहाबाद।** वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में मशीनरी बदलने का चल रहा काम व जलघर में बना वॉटर स्टोरेज टेंक।





**फतेहाबाद।** खैरातीखेड़ा रोड स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट।

### टैंक में स्टोरेज की क्षमता 24 दिन की

पिछले कई दिनों से भाखड़ा में पानी की कमी के चलते नहरबंदी चल रही है। एक सप्ताह पूर्व सिंचाई विभाग ने पेयजल के लिए नहरों में पानी छोड़ा तो खैरातीखेड़ा रोड स्थित 22 एमएलडी के वॉटर ट्रीटमेंट के रॉ टेंक में भी पानी भरना शुरू हो गया। इस टेंक में पानी स्टोरेज की क्षमता 24 दिन की है। नहरबंदी के कारण रॉ टेंक में 8 दिन का ही पानी शेष रह गया था। नहरों में पानी आने के बाद यहां अब पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध है। पहले ट्रीटमेंट प्लांट से प्रति मिनट 7 हजार लीटर फिल्टर पानी की निकासी होती थी। अब प्रति मिनट 10 हजार लीटर पानी की निकासी होगी जिससे शहरवासियों को पर्याप्त पानी मिलेगा।

### शहर में यहां हैं बूस्टिंग स्टेशन

फतेहाबाद में खैरातीखेड़ा रोड स्थित जलघर में करीब 30 एकड़ में पानी के टेंक है जिसे रॉ टेंक कहते हैं। यहां से पानी ट्रीटमेंट के लिए प्लांट में जाता है। वहां से पानी ट्रीट होकर इसे क्लीयर टेंक में भेजा जाता है। इसके बाद पानी शहर में सप्लाई के लिए बूस्टिंग स्टेशनों पर भेजा जाता है। फतेहाबाद में इस समय भट्टू रोड, पटवार भवन के पीछे, योग नगर, गल्र्ज स्कूल के पास, रतिया चुंगी, खैरातीखेड़ा रोड पुराना डब्ल्यूटीपी सहित अनेक जगह बूस्टिंग स्टेशन बनाए गए हैं।,

### लोगों से अनुरोध: पानी को बर्बाद न करें

*खैरातीखेड़ा रोड पर जलघर में पम्पिंग मशीनरी बदलने का काम किया जा रहा है। पम्पिंग मशीनरी और पाइप लाइन बड़ी होने के कारण इसमें समय लग रहा है। शहरवासियों से अनुरोध है कि अपने घरों में जल स्टोरेज की मात्रा दो दिन की जरूर रखें ताकि आपात स्थिति में काम आ सके। विभाग का स्टाफ सारा इस काम में लगा हुआ है। पानी की बर्बादी रोकें और आवश्यकतानुसार ही इसका प्रयोग करें ताकि हर किसी के पास पानी पहुंच सके। इससे पहले विभाग ने जलघर में स्टोरेज के लिए एक बड़ा टेंक बनाया है ताकि नहरबंदी लंबी हो तो भी पानी सप्लाई में दिक्कत न आए। पानी की अधिक सप्लाई को देखते हुए ही जलघर में पुरानी पम्पिंग मशीनरी व पैनल बोर्ड बदले जा रहे हैं।*

*-बलविन्द्र सिंह, जेई जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद*

### पानी न आने से लोग रहे परेशान

जलघर में पम्पिंग मशीनरी व पैनल बोर्ड का काम चलने के कारण पानी सप्लाई न होने से लोग पानी को लेकर त्राहि-त्राहि करते देखे गए। हालांकि विभाग ने अपने वॉटर सप्लाई ग्रुप में लगातार इस बारे सूचनाएं अपडेट कर लोगों को जानकारी दी लेकिन 36 घंटे में तीन बार आने वाला पानी सप्लाई न होने से लोगों के घरों की टंकियां तक सूख गई। लोग बार-बार अपने घरों की मोटरें चलाकर पानी सप्लाई का इंतजार करते रहे।

---

# धरना दे रहे विद्यार्थियों को एसडीएम कोर्ट से करवानी पड़ी जमानत

- परीक्षाएं स्थगित करने की मांग को लेकर शनिवार को विद्यार्थियों ने दिया था धरना, पुलिस थाने में ले गई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

भारत-पाकिस्तान चल रहे तनाव के चलते चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय प्रशासन से परीक्षाएं स्थगित करने की मांग विद्यार्थियों को भारी पड़ गई। बीते शनिवार को प्रदर्शन करने पर पुलिस कई छात्रों को थाने में ले गई। छात्रों को रात थाने में गुजारनी पड़ी और रविवार को एसडीएम कोर्ट में जमानत करवानी पड़ी। छात्रों पर शांतिभंग करने के साथ साथ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीएम कोर्ट में जमानत करवाने आए छात्रों ने विवि प्रशासन के कुलसचिव व एक प्रोफेसर पर आरोप लगाए। छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस छात्रों ने बुलाई, ताकि उनकी मांग प्रशासन सुने। उलटा पुलिस ने प्रशासन के आदेशों पर उनके खिलाफ ही मामला दर्ज कर दिया।

### ब्लैकआउट के कारण नहीं हो पाई पढ़ाई

छात्रों ने बताया कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में ब्लैक आउट के कारण व आपात स्थिति को देखते हुए 10 और 12 मई की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद भी विवि प्रशासन के हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं और छात्रों को रात के समय बिजली आपूर्ति नहीं होने पर पढ़ाई करने में परेशानी आ रही थी। वहीं, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों के चलते परिजनों के द्वारा भी बार बार फोन कर उनकी सुरक्षा को लेकर पूछा जा रहा था। इन्हीं आपातकालीन हालातों को देखते हुए शनिवार को कुछ छात्राएं एडम ब्लॉक के बाहर बैठी थी और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। सिक्योरिटी इंचार्ज ने अपने हाथ खड़े कर दिए। उसके उपरांत उपायुक्त कार्यालय में फोन किए। जिसके बाद विवि के कुलसचिव डा आरके बंसल व अन्य प्रोफेसर मौके पर पहुंचे। उनके सामने परीक्षाओं को आगे बढ़ाने की मांग रखी।

---

# 20 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी एतिहासिक

- हड़ताल को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

चार लेबर कोड के विरोध में और अपनी मांगों को लेकर जिला भर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 20 मई की राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। हड़ताल को लेकर आज ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक जिला प्रधान सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव हरपाल सिंह ने किया। इससे पूर्व हड़ताल को लेकर यूनियन पदाधिकारियों ने भूना, रतिया, टोहाना सहित जिलेभर का दौरा कर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को हड़ताल में भाग लेने का आह्वान किया और दावा किया कि यह हड़ताल ऐतिहासिक होगी क्योंकि इस हड़ताल में ट्रेड यूनियन्स से सम्बंधित सूई से लेकर जहाज बनाने वाले तमाम मजदूर संगठन अपनी मांगों को लेकर सडक़ों पर उतरेंगे। सीटू नेता व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सह सचिव बेगराज ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मियों का वेतन हर महीने देरी से भुगतान होने कारण उनकी आर्थिक स्थिति काफी बिगड़ चुकी है।



**फतेहाबाद।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर आयोजित बैठक में भाग लेते ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रमुख मांगें

सुनील कुमार ,हरपाल सिंह, बेगराज आदि नेताओं ने बताया कि यह सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के हित में कानून बनाती है मजदूरों के हित के 44 श्रम कानून को मजदूर विरोधी 4 कोड में बदलकर सरकार मजदूरों से, पक्के रोजगार, समान वेतन, यूनियन बनाने तथा शोषण के विरुद्ध आंदोलन करने के अधिकार छीनने का प्रयास कर रही है, जो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हड़ताल के दौरान मजदूर विरोधी लेबर कोड्स तुरंत प्रभाव रद्द करने, पक्के कर्मचारी का दर्जा देने, ग्रामीण सफाई कर्मियों को पंचायत की बजाय बीडीपीओ के पे रोल पर लेने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार वेतन जनवरी माह से लागू करने, प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान करने सहित अनेक मांगों को उठाया जाएगा।

---

# आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज. सिरसा/ चोपटा।

जिला में रविवार शाम तेज आंधी से जनजीवन अस्त व्यवस्था हो गया। वहीं तेज आंधी से नरमे व कपास की फसल को काफी नुकसान होने का अंदेशा है। हालांकि हल्की बारिश से गर्मी से राहत मिली। आंधी से रेतीले क्षेत्र में कपास की फसल चोपट हो गई। जिला के कागदाना, कुम्हारिया, खेड़ी, गुसाई आना, राजपुरा, जसानिया, रामपुरा नवाबाद, चाहरवाला, जोगीवाला सहित कई गांवों में रविवार शाम को अचानक तेज आंधी चलने से देसी कपास में नरमे की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा। किसान मनीराम, महेंद्र सिंह, जगदीश, राम कुमार, सरवन कुमार ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश के बाद नरमे कपास की बिजाई की थी अब तेज आंधी से कपास व नरमे के पौधे रेत में दब गए।



**सिरसा।** जिला में तेज आंधी से आसमान में धुल का गुबार। *फोटो : हरिभूमि*

### सरकार व प्रकृति की दोहरी मार

*किसानों का कहना है कि सरकार व प्रकृति की दोहरी मार के आगे अब तो खेती करना घाटे का सौदा हो गया है। उन्होंने बताया कि हालांकि बाद में हल्की बारिश होने से गर्मी से तो राहत मिली है लेकिन बारिश कम होने के कारण अब और बिजाई भी नहीं की जा सकती अगर बारिश अच्छी होती है तो खेतों में ग्वार व बाजरे की बिजाई कर सकते हैं नरमे कपास की फसल तो खराब हो गई। किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा नहरी पानी में बार बार कटौती करके किसानों को लगातार झटका दिया जा रहा है।*

---

# अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की कार्रवाई

- विभाग ने चार अवैध कालोनियों को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

शहर में लगातार पिछले कुछ महीने से अवैध कॉलोनियों का जाल बिछना शुरू हो गया है जिन पर प्रशाशन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। एक लिखित शिकायत प्राप्त होने के बाद एसडीएम टोहाना प्रतीक हुड्डा ने जिला योजनाकार विभाग से शहर में कार्रवाई के लिए कहा तो विभाग द्वारा चार अवैध कालोनियों को नोटिस दिया गया है। इसमें दो कालोनियों के बाहर नोटिस चस्पा किया गया है। प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन कालोनियों में अवैध निर्माण किया गया तो डेवलपमेंट ऑफ अर्बन एक्ट 1975 के तहत कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि रतिया रोड पर बनी देव रचना लोक कालोनी के पीछे कुछ लोगों द्वारा अवैध कालोनी काटे जाने की शिकायत ई-मेल के माध्यम से आई थी जिसके बाद उनके द्वारा जिला नगर योजनाकार विभाग को अवैध कालोनियों की जानकारी बारे लिखा था तो शहर में चार कालोनी अवैध मिली जिन्हें नोटिस दिए गया है।



**टोहाना।** नोटिस चस्पा करते हुए प्रशासन के कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

---

# पाक का दुष्प्रचार नहीं डिगा सकता भारत का आत्मविश्वास : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच चले चार दिवसीय सीमावर्ती तनाव के दौरान सिरसा का वायुसेना अड्डा पूर्णतः सुरक्षित रहा। सांसद ने पाकिस्तान के झूठे प्रचार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हमारे जवानों की बहादुरी और निगरानी के कारण ही सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। अगर पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस करता है, तो देश की जनता और सुरक्षा बल एकजुट होकर उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा का हवाई अड्डा देश की अग्रिम पंक्ति का एक महत्वपूर्ण सामरिक स्थल है और इसकी सुरक्षा को लेकर सिरसा ही नहीं, पूरे हरियाणा को गर्व है। उन्होंने कहा है कि हरियाणा और विशेष रूप से सिरसा के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। सांसद ने पाकिस्तान द्वारा सिरसा वायुसेना अड्डे को निशाना बनाए जाने के झूठे प्रचार की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार पाकिस्तान की मानसिक हार और घबराहट को दर्शाता है। झूठी खबरें फैलाकर वह भारत की एकता और आत्मविश्वास को डिगा नहीं सकता।



सांसद कुमारी सैलजा।

---

## पुलिस समय-समय पर लोगों को कर रही जागरूक: एसपी

# साइबर अपराध के बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

- बैंक डिटेल, एटीएमकार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी की जानकारी किसी से शेयर न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा आमजन को जागरूक करते हुए एडवाइजरी जारी की है। एसपी का कहना है कि साइबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। एसपी ने कहा कि आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता हैं। साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए हमें अनेक बातों का ध्यान रखना चाहिए। ऑनलाइन खरीदारी करते समय चैक करें कि वेबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस हो न की खाली एचटीटीपी। अगर कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें। किसी भी व्यक्ति के साथ अपने बैंक डिटेल, एटीएमकार्ड नंबर, कार्ड की एक्सपायरी एवं कार्ड पर पीछे लिखे तीन डिजिट के सीवीवी नम्बर को किसी के साथ शेयर न करें। किसी अपरिचित नंबर से आपके पास फोन मैसेज या व्हाट्सएप मैसेज पर कोई लिंक या फोटो आए तो उस पर क्लिक न करें। नेटवर्क को 5-जी नेटवर्क में शिफ्ट करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले से सुरक्षित रहें। अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों की फोटो को सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीपी के रूप में प्रयोग कर धोखाधडी कर रहे हैं, सावधान रहें। व्हाट्सएप पर किसी भी अज्ञात नम्बर से आई किसी भी प्रकार की वीडियो या ऑडियो कॉलको रिसीव ना करें। ठगी होने पर तुरन्त हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।



एसपी सिद्धांत जैन।

### साइबर ठगी होने पर 1930 पर करें कॉल

अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि आमजन जागरूकता से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरन्त भारत सरकार द्वारा जारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें। 1930 पर तुरंत शिकायत करने परआपका पैसा सुरक्षित वापिस आ सकता है।

हरिभूमि

*संबंध कोई भी हो लेकिन यदि दुख में साथ न दे अपना*
*तो सुख में उन संबंधों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं।*
*मन कटुवाणी से आहत हो, भीतर तक छलनी हो जाए*
*फिर बाद कहे प्रिय वचनों का, रह जाता कोई अर्थ नहीं।*
*- रामधारी सिंह 'दिनकर'*





# मुझे मां नहीं बनना



कहानी

प्रतिभा सुमन शर्मा

समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।

*कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख़्त के साथ।*

तुम फिर वापस आ गयीं? पर क्यों? क्या परेशानी थी? जुमा- जुमा चार ही साल हुए हैं शादी को और चार सालों में तुम पांच बार वापस आ गयी हो, पता है तुम्हें ? मैं इकलौती औरत क्या-क्या संभालूं ? तुम्हारे बाप को तो होश नहीं रहता कि उनकी एक अदद बेटी भी है। हमेशा अपनी धुन में रहता है वह आदमी। भाई बस नाम का है, अपना घर बीवी-बच्चे इनसे कोई फुरसत मिले तो पूछेगा न तुमको, कैसी हो बहना, ससुराल में सब ठीक तो चल रहा है न ?

क्या हुआ गहना, बोलो बेटा? माँ .....!
गहना- प्लीज़ रुकोगी? मैं कुछ बोलूं। हां, बताओ।
मां, मुझे मां नहीं बनना।
क्यों? चार साल हो गए हैं शादी को और फिर भी तुम्हे मां क्यों नहीं बनना?
मुझे नहीं पसंद मम्मा, प्लीज़।
क्या नहीं पसंद?
माँ बनना नहीं पसंद, मुझे मम्मा। मैंने अपनी शादी के पहले ही समीर से यह बात कर ली थी। वह इस बात पर राजी था। पर अब उसके घर वाले उसे बहुत फ़ोर्स कर रहे हैं कि चार साल हो गए बच्चा क्यों नहीं कर रहे हो। इन्फेक्ट मेरी मदर इन लॉ तो मुझे और समीर को जबरदस्ती डॉक्टर के पास भी ले गयी। उनकी जिद इतनी ज्यादा थी कि हमें जाना पड़ा डॉक्टर के पास।
क्या कहा डॉक्टर ने ?
डॉक्टर ने क्या कहना था, उसने रेगुलर चेकअप किया और बताया कि दोनों नार्मल है, कुछ प्रोटेक्शन यूज़ कर रहे हैं इसलिए कंसीव नहीं हो रहा है बस। मेरी सास समीर की तरफ ये बड़ी-बड़ी आंखें फाड़ कर देखने लगी जैसे कि डॉक्टर न होती तो वह शायद एकाद थप्पड़ तो जड़ ही देती।

समीर बिल्कुल कुछ भी नहीं बोला, न वहां, न रास्ते में और न घर आकर। उसने किसी भी तरह से बात की सच्चाई नहीं बताई। अब मम्मा बताओ, यह चीटिंग हुई कि नहीं ?
गहना, तुम मुझे एक बात बताओ कि तुमको मां ही नहीं बनना, यह बात तुमने मुझे तो नहीं बतायी?
मम्मा, छोड़ो! तुमको यह बात बताकर क्या करती मैं? तुमको तो मेरी शादी कर के अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना था? क्या तुम कभी समझ सकती थीं मेरी इस बात को ?
पर तुमको परेशानी क्या है बेटा? शादी के बाद तो मां बनना, तुमसे तुम्हारे मैके वालों से लेकर ससुराल वालों का बच्चा होने की उम्मीद रखना, मुझे तो कुछ गलत नहीं लगता इसमें ? सभी को करना ही पड़ता है यह? बच्चा न होने वाली औरत और उस पूरे परिवार को ही समाज बड़ी बुरी नजर से देखता है बेटा समझो !
मम्मा, कौन सा समाज? वही, उनके हमारे रिश्तेदार आजू बाजू अड़ोस- पड़ोस वाले।
सभी लोग जिस बिरादरी में उठना-बैठना होता है वही तो होता है समाज।
मम्मा, प्लीज़ मुझे ऐसे किसी भी समाज की वजह से मां नहीं बनना है। इन्फेक्ट मुझे मां बनना ही नहीं है। ऐसी औरत को लोग बांझ कहते हैं। कहने दो मुझे बांझ। मुझे मां नहीं बनना बस।
समीर क्या कह रहा है? माँ ने पूछा।
समीर क्या कहेगा, बिल्कुल दल बदलू आदमी है। शादी करने से पहले तो बड़ा महान बन रहा था? अगर तुमको नहीं पसंद बच्चे तो हम नहीं करेंगे। और अब.... अब कह रहा है मम्मी-पापा का इतना प्रेशर है। गहना, मुझे समझ नहीं आ रहा क्या करूँ! यह सरासर चीटिंग है मेरे साथ। यह देखो, यह हम दोनों के बीच का कॉन्ट्रैक्ट।

उसने यह लिखकर दिया है कि उसे भी बच्चा नहीं चाहिए, अब वह मुकर नहीं सकता। माँ- मैं तुम लोगों की जनरेशन की नहीं हूं।
लेकिन गहना, कुछ ज्यादा ही एडवांस नहीं है तुम्हारी जनरेशन? मम्मा, एक लड़का जो शादी करना चाहता है और एक लड़की जो शादी करना चाहती है, दोनों साथ रहना चाहते हैं लेकिन बच्चा नहीं चाहते। इसमें गलत क्या है?
गलत सही कुछ भी मेरी समझ से परे है। अब तुम क्या करना चाहती हो?
कुछ नहीं। उसने कहा। मैं समीर के खिलाफ कोर्ट में केस करना चाहती हूं।
अनुसूया जी बिल्कुल हक्की-बक्की थीं अपनी बेटी का रवैया देखकर। कैसे कोई औरत ऐसी हो सकती है जिसको सच में प्रजनन की चाह ही नहीं है? तुम नौकरी करती हो और तुम खुद कमाती-खाती हो, इसलिए आज तुमको यह लगता होगा बेटा पर हाथ-पैर जवाब देने लगेंगे तब कोई तो सहारा चाहिए होता है न बुढ़ापे में ?
मम्मा, इसका जवाब तो खुद तुम हो, तुम मुझसे क्या जवाब मांगती हो?
कुछ दिन बीत गए। न समीर का फ़ोन आया, न ससुराल से कोई बुलावा आया। गहना रोज नौकरी पर जाती और वापस आती। बाप दारू पीकर तरह-तरह के सवाल करता। कभी-कभी समीर को फ़ोन लगाता पर समीर नहीं उठाता था उनका फ़ोन। फिर गहना को भला-बुरा कहते। एक दिन गहना नौकरी से वापस आयी, तभी पापा दरवाजे में खड़े हो गए और बेटी को कहने लगे 'जाओ अपने घर उल्टे पैर लौट जाओ।' अनुसूया जी बीच में पड़ी और गहना को घर में लिया। पापा भली-बुरी बातें सुनाते रहे।

सुबह जब तैयार होकर गहना निकल रही थी तब माँ ने कहा कि कहीं हॉस्टल में जगह देख लो रहने के लिए, क्योंकि तुम्हारे पापा तुमको यहां जीने नहीं देंगे।
गहना समझ गयी और घर से निकल कर नौकरी की जगह फ़ोन कर दिया कि कुछ इमरजेंसी है इसलिए नहीं आ पाएगी। और अपने लिए एक कमरा तलाशने निकल पड़ी नोएडा जैसी जगह में शाम तक घर तो नहीं मिला कहीं अकेली औरत को। पर हॉस्टल मिल गया। शाम को गयी और सारा सामान उठाकर ले आयी। हॉस्टल में नौकरी करने वाली स्त्रियां विशेषकर रहती थी वहां। गहना ने वकील को अपना केस बताया। काफी सारे लोगों के लिए तो यह मामला ही अजीब था। इसलिए केस लिया ही नहीं। फिर कोई एनजीओ के थ्रू एक वकील मिल गयी दुर्गा। दुर्गा के केस लेने के बाद गहना आश्वस्त हो गयी। अब क्या, सिर्फ आश्वस्त होने से काम नहीं बनने वाला था। वैसे भी गहना ने अपनी सारी बातें दुर्गा को बतायीं और यह भी बताया कि मैरिज से पहले इस बाबत दोनों में कॉन्ट्रेक्ट हुआ था। दुर्गा ने देखा कि कॉन्ट्रेक्ट में यह बात साफ-साफ लिखी गयी थी कि गहना को शादी के बाद घर वालों द्वारा भी जबरदस्ती नहीं कि जा सकती। अगर ऐसा हुआ तो उसकी जिम्मेदारी समीर लेगा। समीर ने न जिम्मेदारी ली और न कुछ। सीधे बात से ही मुकर गया। अब दुर्गा ने समीर को कोर्ट का नोटिस दिया। समीर ने सपने में भी नही सोचा था कि गहना उसे कोर्ट में खींचेगी। फिर क्या? समीर को भी कोर्ट का सामना करना पड़ा। उसकी तरफ से उसने एक वकील कर लिया था। यह एक अनोखा और अजीब-सा केस कोर्ट में पेश हुआ। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज ने पूछा- लेकिन हर्ज क्या है आपको मां बनने में?

मुझे हर्ज है इसलिए तो हम बात कर रहे हैं न? समीर के वकील ने गहना से कहा, देखिए मैडम, मामला कोर्ट में टिक नहीं पायेगा इसलिए कह रहे हैं। गहना- 'तो न टिके मेरी बला से।' नहीं मतलब आपके साइड से कोई केस बन भी गया है तो वह टिकेगा नहीं कोर्ट में। देखते हैं।
मतलब, आप अपने साथ-साथ अपने पति की भी ऐसी-तैसी करवाओगी? मेरा मतलब मैडम केस वापस ले लो, फिर बाद में मत कहना कि मैंने आपको बताया नहीं।

कोर्ट ने एक वकील देकर मामले में काउंसलिंग करने की कोशिश भी की। पर गहना अपनी बात पर कायम रही। वैसे ही कोर्ट में भी कायम रही, विरोधी पक्ष के वकील ने उसके चरित्र तक को उछाला। भारतीय संस्कृति का हवाला भी दिया। पर गहना टस से मस न हुई। न गहना की वकील ही। क्योंकि उनके पास ठोस पेपर्स थे, समीर के दस्तख़्त के साथ। आखिर फैसला गहना के पक्ष में हुआ। समीर को कहा गया कि आप अपनी पत्नी को इस तरह से जबरदस्ती अब नहीं कर सकते। जबकि शादी के वक्त ही उसने आपसे कॉन्ट्रेक्ट लिखवाया था। आपने खुशी-खुशी उस पर दस्तखत भी किए हैं। अब किसी के कहने पर या परिवार के कहने पर भी आप उसे बदलवा नहीं सकते। तब तक कि जिसने आपके साथ कॉन्ट्रेक्ट किया है वह खुद कहे कि मुझे कॉन्ट्रेक्ट में बदलाव करना है मैं मां बनना चाहती हूं। समीर और गहना कोर्ट के फैसले के बाद साथ-साथ चल रहे थे कॉरिडोर में। समीर ने गहना को रोका, कहा कि सॉरी मुझसे ही भूल हुई है, मैं अपनी बातों पर कायम नहीं रह पाया। पर अब मैं इस रिलेशनशिप को कंटीन्यू नहीं करना चाहूंगा। तभी गहना ने कहा ठीक है मुझे भी नहीं करना है इस बेईमान रिश्ते को कंटीन्यू। ये पेपर्स हैं, मुझे तुमसे डिवोर्स चाहिए।

समीर के वकील ने पेपर्स देखे, उसमें गहना ने कोई मांग नहीं की थी सिवाय डिवोर्स के। समीर को उसने आंखों के इशारे से कहा कि साइन कर दो और समीर ने साइन कर दिए। गहना कॉरिडोर के अपोजिट साइड निकल गयी और जीत का आनंद उसके चेहरे पर था। उन हज़ारों उठने वाली उंगलियों को नजरअंदाज कर वह बड़ी बेतकल्लुफी से चल रही थी, अपनी जिंदगी की तरफ, जिसमें वह एक विजेता थी।

कविता

डॉ.कमलेश मलिक



## संकल्प

जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा
प्रेम-शांति संदेश छोड़ अब रण का बिगुल बजाना होगा

किसी हिमांशी की आंखों से सिंधु जल अब नहीं बहेगा
किसी आरती के सर से अब पिता का साया नहीं उठेगा
यह संकल्प लिए अर्जुन को अब तो शस्त्र उठाना होगा

ऊरी अटैक या पुलवामा दुश्मन ने मुंह की खाई है
कितने सैनिक हमने खोये यह भी कड़वी सच्चाई है
सर से पानी उतर गया अब उनको सबक सिखाना होगा

पहलगाम का सीना छलनी माथे की बिंदिया का क्रंदन
बिलख-बिलख कर कहता है अब राखी के धागों का बंधन

दुश्मन केवल दुश्मन ही है रिश्ता यही निभाना होगा
जो जैसी भाषा में समझे उसे वैसे ही समझाना होगा।



कविता

क्षमा उर्मिला

## अकेले ही ढले हैं

जहां सारा हैं अपना हम यही माने चले हैं
परख कर दुख ही तो होगा अनाड़ी ही भले हैं

झुलसने का ना हम को डर लगे खेल अब तो
तपन को बाहों में लेकर अंधेरों में जले हैं

हज़ारों रातें गहरी चाँद तक तक के ही काटी
उसे मामा ही समझे हम अंधेरे यूं टले हैं

बना कर धर्मों की केंची सियासत पंख काटे
उड़ानें भरते पंछी बस शिकारी को खले हैं

यही होता है सदियों से सुबह के सूरजों का
उगे ओजस्वी किरनों में अकेले ही ढले हैं

निगल जाती है सौ जानें लहर तोड़े किनारे
हुआ ये तब किनारे जब समन्दर को छले हैं।



मुक्तक

कृष्ण गोपाल विद्यार्थी

याद तो दिल खुदा को करता है,
अक्स तेरा ही क्यों उभरता है?
बेखुदी हद से जब गुजरती है,
आदमी इस तरह भी मरता है।
**
आप से प्यार हो गया कैसे ?
यह चमत्कार हो गया कैसे ?
प्यार को मैं गुनाह कहता था,
मैं गुनहगार हो गया कैसे ?
**
जीवन के संघर्षों ने जब भी ललकारा है।
कागज़-क़लम ने मुझको दिया सहारा है।
बड़े-बड़े तूफ़ानों से मैं घिरा रहा अक्सर,
इसी नाव ने मुझे हमेशा पार उतारा है।



कविता

दिनेश दिनकर

## मेरी आखिरी सांस

तेरे बिन ये सन्नाटा सुन,
मैं तनहाईयों से घिर गई
जब सुनी तेरी आवाज़
तो तुझे खोने की अफवाह पिघल गई
हर रोज़ सपने में तुझे देखती थी
तुझे चूमती थी तुझे पुकारती थी
इक आखिरी ख्वाहिश बची है सीने में
गर भर लूं तुझे बाहों में,
तो इस जहां से छुमंतर हो सकूं
बोलो थामोगे मेरा हाथ
जब तक बची है मेरी आखिरी सांस।

कविता



राज ख्यालिया

वक़्त की कमी है, मगर मिलन की चाहत है बाकी,
दिल में अभी तेरे नाम की लगन है बाकी।

राहों में रुकावट हैं, फासले भी कायम है
फिर भी न जाने क्यों एक आस है बाकी

चाहा तुझे लम्हों में बाँध लूँ साँसों की डोर से,
पर ज़िंदगी में अब भी कुछ उलझनें है बाकी।

हर मोड़ पर देखा तुझे यादों की सूरत में,
फिर भी न जाने क्यों है आँखों नमी है बाकी...



कविता

राकेश कुमार सपड़ा

## कलमा

थे वो सैलानी भ्रमण पे
काश्मीर के चमन में
झेलम ढल सब निहार ली
पहलगाम की फिर राह ली
छूट ना जाए कोई झील या झरना
क्या मालूम था
छद्म वेश में
आ जाएगा पूछने कोई
क्या आता है पढ़ना कलमा ?

बैसरन वादियाँ
महक रही थी जहाँ
बेशुमार ख़ुशियाँ
इन्सानियत वहाँ शर्मसार हुई
गोली दिल के पार हुई
खून से घाटी लाल हुई
मासूम जिंदगियां
दहशत की शिकार हुई।

पूछ कर नाम शिकार जो बनाते हैं
छुपे नहीं है जो ये आतंक मचाते है
बहा के खून बेकसूर निहत्थो का
मानवता को कलंकित कर जाते हैं।

आंखे हमारी सबकी भले ही नम है
अपनों को खोने का भी गम है
होंसला नहीं हुआ फिर भी कम है
मिटाने का आतंक जड़ से लिया प्रण है
देखा ही कहाँ तुमने अभी हमारा दम है।



कविता

अंजु कपूर गांधी

## बेरोज़गार हूं मैं

हां बेरोज़गार हूं मैं।
था सुमन ठोकरों से,
बन चुका खार हूं मैं।
जिससे है की पढ़ाई
हुई खत्म वो कमाई
खटता है बाप अब तक
खाली बेकार हूं मैं।
मां मांगती दुआएं
अल सुबहा जब भी जागे
हर दर पे टेके माथा
बांधे मन्नतों के धागे
टूटे नित उम्मीद उसकी
देखूं, लाचार हूं मैं।
खाना परोसा जाता
नहीं बैठ खा मैं पाता
करती सवाल आंखें
रहता दरकिनार हूं मैं।
थामे डिग्रियों की फाइल
थके पांव रुह है घायल
लगता है लिए घूमता
गर्द और गुबार हूं मैं
ज्वालामुखी धधकता
आक्रोश का है भीतर
कब फूट पड़े लावा
जलता अंगार हूँ मैं।
बेरोज़गार हूँ......

**महिला साहित्यकार, कवियत्री एवं लेखिका मीना चौधरी का इस आधुनिक युग में साहित्य की स्थिति को लेकर कहना है कि आज साहित्य अत्यंत रोचक, बहुआयामी और चुनौतीपूर्ण है। तकनीकी प्रगति, सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों ने अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, जिससे साहित्य अब सिर्फ पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा। ब्लॉग, ई-बुक्स, पॉडकास्ट और यूट्यूब जैसे डिजिटल माध्यमों ने नए लेखकों को मंच दिया है।**

साक्षात्कार

ओ.पी पाल

# समाज के हित में हिंदी साहित्य को जीवंत रखना जरूरी : मीना चौधरी

साहित्य संवर्धन में जुटे साहित्यकार अलग-अलग विधाओं में समाज को नई दिशा देने के मकसद से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर अपनी लेखनी चलाते आ रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में महिला साहित्यकार मीना चौधरी भी एक कवि के रूप में अपने रचना संसार को आगे बढ़ा रही हैं। साहित्य और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए समर्पित लेखन के साथ वह कई साहित्यिक, सामाजिक, उद्यमी जैसी संस्थाओं के साथ जुड़ी हैं।

लेखिका मीना चौधरी ने अपने साहित्यिक सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मकसद गद्य और पद्य दोनों विधाओं में साहित्यिक व सांस्कृतिक मंचों पर सक्रिय रहकर हिंदी साहित्य को जीवंत और विकासशील बनाए रखना है, ताकि साहित्य और समाज में उनकी सार्थक भूमिका बनी रहे। मीना चौधरी का जन्म 28 मार्च 1971 को जमशेदपुर (झारखंड) में एक मैथिल ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता जमशेदपुर स्थित टेल्को कंपनी में इंजीनियर थे और माता एक समर्पित गृहिणी रहीं। उनका बचपन जमशेदपुर में ही बीता। इन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लिटिल फ्लावर स्कूल (कॉन्वेंट स्कूल) से हासिल की। उनके परिवार या घर में किसी प्रकार का साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। उन्होंने अपनी शिक्षा विज्ञान विषयों में की, लेकिन हिंदी भाषा के प्रति उनका एक विशेष लगाव रहा और इसी हिंदी प्रेम के चलते उनकी साहित्यिक रुचि विकसित हुई। स्कूल और कॉलेज के दिनों में कभी-कभार कुछ भावनात्मक लेखन करती थी और उसी दौरान आकाशवाणी से भी जुड़ने का अवसर मिला। हालांकि छात्र जीवन की व्यस्तता के कारण यह साहित्य की रुचि थोड़ा पीछे रही। गृहस्थी में आने के बाद से ही हरियाणा के गुरुग्राम में उद्यम, साहित्यिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय हो गई। साहित्यिक लगाव के कारण उन्होंने लेखन कार्य शुरू कर दिया। वे समाज के विभिन्न पहलुओं पर कविताएं और आलेख लिखती आ रही हैं। उन्होंने बीएससी की शिक्षा के दौरान अपनी पहली रचना लिखी, जो स्थानीय अखबारों में भी प्रकाशित हुई। इससे उनका लेखन के प्रति ऐसे में आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था, जब उनकी रचना रेडियो पर भी प्रसारित हुई। उनका पहला हिन्दी कविता संग्रह 'रस स्राविता' प्रकाशित हुआ, जिसे भाषा सहोदरी हिन्दी के सहयोग से 2019 में प्रकाशित किया गया। जबकि उनका दूसरा काव्य संग्रह 'पैबंद पर सितारे' शीर्षक से पुस्तक के रूप में 2021 में पाठकों के सामने आया। जबकि तीसरा काव्य संग्रह शीघ्र ही प्रकाशित होगा। बकौल मीना चौधरी, वह हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं। उन्होंने 'भाषा सहोदरी हिंदी' सहित कई संस्थाओं के साथ मिलकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य किया है, जिसके लिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली और उन्होंने मॉरीशस, दुबई और सिंगापुर जैसे देशों में हिंदी को मंच को साझा किया। उनका कहना है कि उनके साहित्य क्षेत्र के सफर में उनके पति, बेटियों और दामाद समेत परिजनों का निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन मिला है, जो उनके लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है। साहित्य क्षेत्र के अलावा वे सामाजिक सेवा में भी सक्रीय हैं और स्वच्छता जागरण समिति जैसी संस्थाओं से जुड़ी हैं। वहीं वे कई साहित्यिक संस्थाओं से जुड़ी होने के साथ भाषा सहोदरी की मुख्य संयोजिका हैं और आगमन की राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला काव्य मंच, गुरुग्राम की महासचिव भी रही हैं। वे खुद के संस्थान इंडसोल एंटरप्राइजेज की अध्यक्ष भी हैं यानी इंडसोल एंटरप्राइजेज में स्व-नियोजित, उद्यमशीलता की दुनिया में अपनी व्यावसायिक विशेषज्ञता उनके पास है।

एक साहित्यकार के रूप में वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन दुबई और मॉरीशस में मुख्य प्रबंधक रही हैं एवं भाषा सहोदरी पत्रिका की सम्पादक भी हैं। उनका कहना है कि युवाओं को साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि साहित्य न केवल भाषा और अभिव्यक्ति को समृद्ध करने के साथ सोचने, समझने और महसूस करने की क्षमता भी बढ़ाता है। ऐसी प्रेरणा युवाओं को अपनी संस्कृति, समाज और मानवीय मूल्यों से जोड़ने में सहायक होगी।

### प्रकाशित पुस्तकें

लेखिका एवं कवि मीना चौधरी की प्रकाशित पुस्तकों में रस स्राविता, पैबंद पर सितारे और मेरी स्वरचित काव्य संग्रह प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनके हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में साँझा संकलन एवं पत्र-पत्रिकाओं में कविताएं, लघुकथा और लेख भी प्रकाशित हुए हैं। इसके अलावा वे गद्य और पद दोनों साहित्यिक विधाओं में आलेख और रचनाएं लिखती आ रही हैं। वह हिंदी और अंग्रेजी भाषा के अलावा मैथिली में भी लेखन करती आ रही हैं।



मीना चौधरी

### पुरस्कार व सम्मान

मीना चौधरी को साहित्यिक क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो से अनेक सम्मान मिल चुके हैं। इनमें विश्व हिंदी सम्मान दुबई, 'सहोदरी रत्न' मॉरिशस, 'शब्द मनीषी सम्मान', विविधता में एकता राष्ट्रीय सम्मान, आगमन तेजस्विनी अवार्ड, रंग राची सम्मान, स्वर लहरी सम्मान, प्रेरणा पीढ़ी पुरस्कार, भाषा सहोदरी सम्मान प्रमुख रुप से शामिल रहे। उन्हें अनेक साहित्यिक मंचों से भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

नाम : मीना चौधरी
जन्मतिथि : 28 मार्च 1971
जन्म स्थान : जमशेदपुर (झारखंड)
शिक्षा : बीएससी, एमबीए
संप्रति : लेखिका, कवि, संपादक, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता (गुरुग्राम क्षेत्र)

# 'हेल्लो ज़िंदगी' में हैं शिक्षा और समाज के सरोकार






**पुस्तक : हेल्लो ज़िंदगी**
**लेखक : विनय मोहन खारवन**
**मूल्य : 250 रुपये**
**प्रकाशक : समदर्शी प्रकाशन**

पुस्तक समीक्षा

अरुण कुमार कैहरबा

सेवानिवृत प्राध्यापक व इस पुस्तक के लेखक विनय मोहन खारवन की प्रतिभा निरंतर समाचार-पत्रों व पत्रिकाओं में चमकती रही है। उनके लघुकथा संग्रह 'हैल्लो ज़िंदगी' शीर्षक ही स्पष्ट करता है कि लेखक अपनी रचनाओं में ज़िंदगी के साथ सीधा संवाद कर रहा है।

अपने समृद्ध अनुभवों और समझ के आधार पर जीवन के विविधि पहलुओं, घटनाओं और संबंधों को अपनी लघुकथाओं के जरिये परख रहा है। लेखक रोजमर्रा के जीवन की छोटी से छोटी घटना को लेता है और सीधे-सरल शब्दों में कथा कहते हुए मर्म की बात कह जाता है। लघुकथाएं विसंगतियों व विडंबनाओं की तरफ संकेत भी करती हैं और प्रहार भी करती हैं। लेखक का मत है कि 'रिटायरमेंट जिंदगी को हैलो कहने का समय होता है।' लेखक का संबंध शिक्षा से रहा है। यही कारण है कि समीक्ष्य संग्रह में उनके शैक्षिक सरोकार अनेक लघुकथाओं में दिखाई देते हैं।

'शोषण' व 'आज का एकलव्य' लघुकथाएं इसी विषय पर केंद्रित हैं। 'आज का एकलव्य' लघुकथा में तीस साल से निजी स्कूल में पढ़ा रहे अध्यापक की दयनीय दशा को दिखाया गया है। 'पैसा और पढ़ाई' में पढ़ाई के प्रति अमीर लोगों का दृष्टिकोण उजागर होता है, जिसमें वे पढ़ाई से ज्यादा पैसे को तरजीह देते हैं। संग्रह में सरकारी स्कूलों का चित्रण भी है। 'ज़मीर' लघुकथा में बीस लाख रुपये के अनुदान पर प्रिंसिपल अपने जमीर को दरकिनार करके मन की इच्छाओं को तरजीह देता है। 'प्रैक्टिकल' में कॉलेज के अध्यापक की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में लालच की प्रवृत्ति उजागर होती है। 'नकल' लघुकथा में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सुपरवाइजर द्वारा नकल का धंधा करने और उड़नदस्ते के एक सदस्य द्वारा इसकी उपेक्षा करते हुए सुपरवाइजर के साथ दोस्ती निभाने की अपराधपूर्ण स्थिति को दर्शाया गया है। 'सिलसिला' में ऊपर से नीचे तक चलने वाले धमकी व डर के सिलसिले के बाद बिना किसी सार्थक उद्देश्य से बजट खर्च करने के लिए होने वाले सेमिनारों की कड़वी सच्चाई सतह रूप में उजागर कर दी गई है। शिक्षा कैसे अंकों की होड़ में तब्दील हो गई है, इसे 'ज़िंदगी के नंबर' और 'खुशी का प्रतिशत' में दिखाया गया है। लेकिन 'ज़िंदगी के नंबर' में परीक्षा के अंकों को देखने का सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की सीख दी गई है। संग्रह की अनेक लघुकथाएं हृदय स्पर्शी हैं और सवाल खड़े करती हैं। पहले संग्रह के लिए लेखक को हार्दिक बधाई।

## खबर संक्षेप



### जसनिया में छात्र नव्या का जोरदार अभिनंदन

**चोपटा।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय जसानिया में मिशन बुनियाद ऑफ हरियाणा के तीनों पेपर पास करने के उपलक्ष्य में कक्षा छठी की छात्रा नव्या पुत्री सुनील कुमार का चयन होने पर स्कूल स्टॉफ व एसएमसी सदस्यों द्वारा समान समारोह का आयोजन किया गया। राजकीय माध्यमिक जसानिया में कक्षा छठी की छात्रा नव्या पुत्री सुनील कुमार का चयन होने की खुशी मनाई गई व छात्र का जोरदार स्वागत किया। जिसके तहत तहत बच्ची को माला पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ दाखिला जागरूकता आओ बच्चों स्कूल चले अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया। इस उपलक्ष्य में स्कूल के मुख्य अध्यापक मदन लाल,मनोज छिम्पा, विकास नेहरा, पूर्णमल, चानणमल गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सट्टा खाईवाली करते एक युवक गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाली करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव रोहनात निवासी इंद्र के रुप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 42 हजार 250 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने सूचना के आधार पर जगदीश कॉलोनी में छापा मारा। स्पेशल स्टाफ की टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंच शक के आधार पर इंद्र को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 42 हजार 250 रुपए तथा पर्चियां बरामद हुई।

### सामान चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** हांसी शहर पुलिस ने बंद मकान में से एक गैस सिलेंडर चोरी मामले में आरोपी ढाणी राजू निवासी महिपाल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी ने 7 मई को दोपहर के समय न्यू सुभाष नगर निवासी आसिफ अली के मकान में से एक गैस सिलेंडर व कुछ रुपए चोरी कर लिए थे। शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराया गया गैस सिलेंडर को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### अवैध पिस्तोल बरामदगी मामले में सप्लायर काबू

**हिसार।** सीआईए टीम ने 25 सितंबर 2021 को सुलखनी बस स्टेंड घिराए मोड़ से अवैध पिस्तोल बरामदगी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें टोहाना के समैण निवासी अंकित और ढाड निवासी अमित उर्फ मीतू उर्फ बच्ची शामिल है। जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपियों ने सुलखनी निवासी संदीप उर्फ छोटू को अवैध पिस्तौल बेचा था। मामले के अनुसार हिसार सीआईए ने 25 सितंबर 2021 को गश्त के दौरान सुलखनी बस स्टेंड घिराए मोड़ से सुलखनी निवासी संदीप उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जिंदा कारतूस सहित अवैध पिस्तौल बरामद किया था। इसके बारे की गई कार्रवाई में सामने आया कि संदीप उर्फ छोटू से बरामद पिस्तोल और कारतूस उक्त दोनों आरोपियों ने उसे दिया था।

### टास्क पूरा करने के नाम पर 1.48 लाख की चपत

**हांसी।** साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर रुपए कमाने का झांसा देकर एक किसान को 1 लाख 48 हजार 480 रुपए की चपत लगा दी। साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार किसान की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में डाटा निवासी जोगिंद्र सिंह ने कहा है कि वह खेतीबाडी करता है। जोगिंद्र ने बताया कि 10 मार्च को उसके व्हाट्सअप पर पार्ट टाईम जॉब करके रुपए कमाने का मैसेज आया।

## नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# आपात स्थिति में स्वयं और दूसरे लोगों को सुरक्षित रखने को लेकर दी जानकारी

- सेकेण्ड हेंड, फॉर हेंड, हाफ मेथड़, फायर आर्म पिक बेग, पिक बेग रिजर्व का दिया डेमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नागरिकों की सुरक्षा के लिए लघु सचिवालय में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सदस्यों, मास्टर ट्रेनरों, होमगार्ड जवानों व फायर विभाग टीम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल ने कहा कि रविवार को नागरिकों की सुरक्षा के लिए रेडक्रॉस, होमगार्ड, फायर विभाग, मास्टर ट्रेनरों व सिविल डिफेन्स ने मिलकर आपात स्थिति में स्वयं को व दूसरे लोंगो को सुरक्षित कैसे रखा जाए, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। यह प्रशिक्षण लोगों को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जरूरी कौशल सिखाता है, जिससे वे अपनी और दूसरों की जान बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करता है, जैसे कि प्राथमिक चिकित्सा देना, आपदाओं व आपातकालिन स्थिति से निपटना और अन्य लोगों की मदद करना। इस प्रशिक्षण में प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, आपदा प्रतिक्रिया, बचाव और सहायता जैसे कई महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी दी व विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।



फतेहाबाद। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपात स्थिति में फायर अधिकारी प्रदीप कुमार व सिविल डिफेन्स इंस्ट्रक्टर राजेश बुमरा ने आपातकालिन स्थिति में घायल व्यक्तियों को सुरक्षित रखने के लिए किस तरह से आगजनी व अन्य घटनाओ से बचाने बारे विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान होमगार्ड के जवानों व फायर ब्रिगेड टीम ने ट्रेनिंग में आपात स्थिति से निपटने के लिए सेकेण्ड हेंड, फॉर हेंड, हाफ मेथड़, फायर आर्म, पिक बेग, पिक बेग रिजर्व डेमो इत्यादि किया गया।

इस दौरान ट्रेनिंग में घायल व्यक्तियों को बचाने और उन्हें बचाने की तकनीकें, अग्नि सुरक्षा उपायों और आग से बचाव के तरीकों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीडीपीओ अनूप सिंह, रेडक्रॉस सचिव रामजीलाल, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पवार, फायर अधिकारी प्रदीप कुमार, सिविल डिफेन्स इंस्ट्रक्टर राजेश बुमरा, प्रिंसिपल डिफेन्स कॉलेज हवा सिंह, मुख्तयार सिंह कॉलेज से मनीता, एमएमपीजी कॉलेज विनोद कुमार, तरुण गेरा, कृष्ण कुकड़, अंजू रानी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



सिरसा। बच्चों को स्टेशनरी वितरित करते हुए ट्रस्ट के सदस्य।

# ट्रस्ट ने 412 विद्यार्थियों में वितरित की स्टेशनरी

- सेवानिवृत्ति के एक ही लक्ष्य कि बच्चा किताबों की कमी के कारण पढ़ाई न छोड़े : गुरदीप सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कीर्ति नगर में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम में बुक बैंक की कार्यकारिणी के साथ विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी पूरे उत्साह के साथ अपने उपस्थिति दर्ज करवाई।

बुक बैंक द्वारा रविवार को कक्षा 1 से 5 व कक्षा 9 से 12 के 412 विद्यार्थियों को स्टेशनरी उपलब्ध करवाई गई। बुक बैंक के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, महासचिव प्रेम कंदोई, सदस्य रतन दुरेजा, सदस्य रंजीत टक्कर ने स्टेशनरी वितरित की। इस दौरान संस्था के प्रधान गुरदीप सैनी ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद उनका एक ही लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा स्टेशनरी और किताबों की कमी के कारण पढ़ाई न छोड़े। संस्था के महासचिव प्रेम कंदोई द्वारा संस्था के विषय में बताया कि कोई भी जरूरतमंद छात्र संस्था से पुस्तक प्राप्त कर सकता है।

इसके लिए यह शर्त है कि छात्र पिछली कक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करे। संस्था इसके साथ-साथ आंखों की निःशुल्क जांच के लिए भी सेवाएं प्रदान करती है। इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने संस्था की कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या संतोष रानी ने बुक बैंक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बुक बैंक सिरसा के छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रवक्ता राजेश जैन द्वारा किया गया।

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक, पहलगाम व पाक हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

## 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्स के लाभ को सुनिश्चित करें सरकार : कम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लाक फतेहाबाद की महत्वपूर्ण बैठक ब्लाक प्रधान मा. रामदास की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लाक सचिव हरकिशन लाल कम्बोज ने किया। बैठक में पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में मारे गए 26 बेकसूर नागरिकों की हत्या व पाक सेना द्वारा कश्मीर सहित अन्य जगहों पर की गई गोलाबारी में बच्चों सहित 13 लोगों की हत्या करने की कड़े शब्दों में निंदा की गई और दो मिनट का मौन रखकर भावभीवी श्रद्धांजली अर्पित की गई। इसके अलावा कंवल कम्बोज, भीम सिंह वन विभाग, धन्नत देवी नगरपालिका के निधन पर भी शोक जताया गया।

रिटायर्ड कर्मचरियों ने जोगिन्द्र सिंह भ्याना व बलदेव राज कम्बोज के धर्मशाला में हुए सातवें नेशनल गेम्स में एथलैक्टिक्स में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों व मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रधान भोला सिंह, जिला वित्त सचिव रघुनाथ मेहता, ब्लाक सचिव हरकिशन लाल कम्बोज ने केन्द्रीय वित्तमंत्री द्वारा वित्त विधेयक 2025 में जारी पेंशन नियमों व निर्देशों नाराजगी जताई और मांग की कि केन्द्र सरकार इस मामले में स्थिति स्पष्ट करें और आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्ज के लाभ को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। बैठक में मांग की गई कि पेंशनर्ज की लंबित मांगों को सरकार जल्द विचार करें। इसमें 65, 70, 75 व 80 की उम्र में पेंशन में 5-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को लागू किया जाए। घटती ब्याज दरों के मद्देनजर कम्यूट पेंशन की कटौती 10 वर्ष 8 महीने की जाए।



फतेहाबाद। बैठक में गोल्ड मेडलिस्ट रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित करते संघ पदाधिकारी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पार्षद मोहन लाल नारंग, भगवंत सेठी, पृथ्वी सिंह बाना, रामकिशन तंवर, नानक चंद, ओमप्रकाश चढा, डॉ. भगवान दास कम्बोज एसडीओ, कर्मजीत सिंह, प्रेम कुमार, रणजीत सिंह, पवन शर्मा जेई, देवराज, भूपेन्द्र सिंह, जसवंत सिंह, मा. बलवंत सिंह, ओमप्रकाश मेहंदीरत्ता, जयवीर सिंह वन विभाग, सुभाष चन्द्र सहित अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

# एमकॉम विषय के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- प्रोजेक्ट से संबंधित होने वाली कठिनाई को दूर करने के लिए विस्तार में जानकारी दी

राजकीय नेशनल महाविद्यालय में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि अध्ययन केंद्र में रविवार को एमकॉम विषय के छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट संबंधी जानकारी देने के लिए ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट से संबंधित होने वाली कठिनाई को दूर करने के लिए विस्तार में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय केंद्र से डॉ. अमित कुमार जैन व केंद्र के समन्वयक डॉ. नवीन कुमार ने रिसोर्स पर्सन के रूप में भाग लिया, जिसमें विद्यार्थियों की परेशानियों को दूर किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग किया। डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि वर्कशॉप की ऑनलाइन वीडियो केंद्र के यूट्यूब चैनल पर डाल दी जाएगी ताकि जिन छात्राओं ने वर्कशॉप में भाग नहीं लिया वो ऑनलाइन देखकर वर्कशॉप का लाभ प्राप्त कर सकें। वर्कशॉप की अध्यक्षता केंद्र के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. दलजीत सिंह ने की व प्रोग्राम के अंत में केंद्र के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर पवन कुमार ने सभी अधिकारियों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## डेरा श्रद्धालुओं ने चलाया सफाई अभियान



**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी की ओर से रविवार को शाह सतनाम जी मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया। डेरा प्रेमी सतनाम चौक से शाह सतनाम-शाह मस्तान धाम डेरा सच्चा सौदा को अलग अलग जोन में बांटकर सेवादार सफाई कार्य में जुट गए। सेवादारों ने हाथों में झाड़ू, कस्सी, तसला, दराती लेकर सडक के दोनों किनारों को साफ किया और कूड़ा करकट को ट्रैक्टर ट्राली में डालकर डंपिंग पॉइंट तक पहुंचाया। इसके साथ सेवादारों ने डिवाइडर से मिट्टी भी निकालकर उसे समतल किया, ताकि उसमें पेड़ पौधे लगाए जा सके। लाइन से बाहर निकले हुए डिवाइडरों के पत्थरों को भी सही किया। सफाई के बाद शाह सतनाम जी मार्ग चकाचक नजर आया। 85 मेंबर यादविंदर, पालाराम व प्रवीण ने बताया कि अपने आसपास सफाई रखने के लिए जागरुक करते हैं। इसी कड़ी में आज शाह सतनाम जी मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया है। ताकि इस गर्मी के मौसम में मच्छर जनित बीमारियां कम से कम फैले।

# यात्रियों के लिए जलसेवा में लगे दैनिक रेलयात्री एसो. के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

- व्हाट्स एप के माध्यम से जुड़े 145 सदस्य

तेज धूप में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा है, इसी धारणा के साथ दैनिक रेलयात्री एसोसिएशन के पदाधिकारी पिछले 11 साल से जलसेवा में लगे हुए है। संस्था के प्रधान राजेश नागपाल के नेतृत्व में टीम द्वारा रोजाना हजारों लोगों को जल सेवा की जाती है ताकि कोई प्यासा न रहे। प्रधान राजेश नागपाल ने बताया कि दैनिक रेल यात्री एसोसिएशन द्वारा पिछले 11 साल पहले लोगों के वेलफेयर के लिए दैनिक रेल यात्री वेल्फेयर एसोशिएशन बनाई गई थी, इसके तहत जलसेवा की जारी है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया व्हाट्स एप पर दैनिक रेल जल सेवा ग्रुप के माध्यम से सदस्यों को मैसेज किया जाता है जिसमें 145 सदस्य जुड़े हुए है। नागपाल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार कुछ समय से गाडिय़ा लेट आ रही है, जिसके चलते आज इंटरसिटी गाड़ी दो घंटे देरी से आई लेकिन उनकी टीम ने पहुंचकर सेवा की है। वहीं पंजाब मेल, फरक्का एक्सप्रेस सहित 5 गाड़ियां लेट आई है।



टोहाना। रेलवे स्टेशन पर जलसेवा करते हुए दैनिक रेल यात्री एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# लाखों की ठगी के आरोपी को किया काबू

- एयर टिकट के नाम पर 1 लाख 37 हजार की धोखाधड़ी, अदालत के किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एयर टिकट बुकिंग के नाम पर 1 लाख 37 हजार की ठगी करने के मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहताश कुमर पुत्र सुंदर लाल निवासी जांडवाला बागड़ के रूप में हुई है। आरोपी के पास से पुलिस ने 1 हजार की नगदी बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को गांव जांडवाला बागड़ निवासी संदीप की शिकायत पर केस दर्ज किया था।



पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

### टिकट के बहाने मांगा ओटीपी

शिकायतकर्ता के अनुसार 20 सितंबर 2024 को उसका दोस्त भिवानी निवासी रविंद्र का उसके पास फोन आया। उसने कहा कि उसे कनाडा जाने के लिए ऑनलाइन एयर टिकट बुक करवानी है। उसने कहा कि तुम टिकट बुक करवा दो। यह बात उसने अपने गांव के रोहताश को बताई तो उसने कहा कि वह हिसार जिले के गांव बुगाना निवासी विपुल सूरा को जानता है, जो अपने गांव का भांजा है। विपुल सूरा विदेश भेजने एवं ऑनलाइन टिकट बनवाने का काम करता है, जिसका ऑफिस हिसार में डाबड़ा चौक पर है। रोहताश ने बताया कि वह विपुल सुरा के साथ काम करता है। हम दोनों मिलकर तुम्हारी ऑनलाइन टिकट करवा देंगे। संदीप ने बताया कि फिर रोहताश ने उसकी विपुल से बात करवाई और रोहताश के कहने पर उसने अपने आईसीआईसीआई बैंक व फेडरल बैंक के क्रेडिट कार्ड की फोटो भेज दी। फिर विपुल का फोन आया, जिसने टिकट करवाने के लिए ओटीपी मांगा। ओटीपी देने के बाद आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से 66 हजार 950 रुपए व फेडरल बैंक के क्रेडिट कार्ड से 70 हजार 478 रुपए कट गए। इसके बाद जब विपुल से टिकट मांगी तो वह बहाने बनाकर आनाकानी करता रहा।





सिरसा। सेमिनार में भाग लेते सीए। फोटो : हरिभूमि

## जीएसटी व एआई पर सेमिनार आयोजित

**सिरसा।** नॉर्थ इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की स्थानीय इकाई की ओर से रविवार को सीए सदस्यों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें जीएसटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सीए कपिल जैन ने जीएसटी में हाल ही में हुए बदलावों और उनके प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं सीए जय गोलिया ने वर्तमान डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वता और इसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग को लेकर जानकारी सांझा की। सेमिनार के अवसर पर सिरसा ब्रांच के चेयरमैन सीए अतुल जैन, सचिव सीए अश्विनी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष सीए मोहित भारती, कार्यकारी सदस्य सीए परीक्षित गर्ग सहित शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स भी मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई। सीनियर मेंबर्स में सीए राजेंद्र अग्रवाल, सीए देवेंद्र मित्तल एवं सीए राजेश बंसल भी शामिल रहे।

**अभियान** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने किया मार्गदर्शन

# फतेहाबाद पुलिस ने चलाया श्रमदान अभियान थाना चौकी व विभिन्न शाखाओं में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस जहां अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने में कामयाब साबित हुई है, वहीं समाज की मुख्य धारा में चलते हुए श्रमदान का महत्व भी बता रही है। इसी श्रमदान अभियान को आगे बढाते हुए रविवार को फतेहाबाद पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने थाना, चौकियों व विभिन्न शाखाओं में साफ-सफाई की।

इस अभियान में सभी थाना प्रभारियों व कर्मचारियों ने तन-मन से भाग लिया और श्रमदान के महत्व को समझा।एसपी ने ने श्रमदान के महत्व के बारे कहा कि श्रमदान की अवधारणा भारत में लंबे समय से प्रचलित है। श्रमदान श्रम की गरिमा से भी जुड़ा है और इससे भी गहरा दावा है कि सभी श्रम समान रूप से सामाजिक रूप से आवश्यक है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि केवल स्वच्छता ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि समान दर्जे पर आधारित सामाजिक व्यवस्था ही श्रमदान का सार है। सौ साल पहले महात्मा गांधी ने भारतीय समाज को राष्ट्रवाद की दिशा में ले जाना शुरू किया था और इसमें कोई संदेह नहीं है कि श्रमदान इसे हासिल करने का एक बड़ा तरीका है।

इसी प्रकार हम सब मिलकर अपने थाना, चौकियों व शाखाओं में साफ-सफाई करके श्रमदान कर सकते हैं। यह स्वेच्छा से जुड़ा हुआ कार्य है जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तन मन से भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस वातावरण में आप रहते हैं उसका सीधा असर हमारी मानसिक व शारीरिक स्थिति पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है, इसलिए प्रत्येक दिन सबसे पहले अपने आस पास की सफाई करें।



फतेहाबाद। अभियान के दौरान श्रमदान करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नगरपरिषद चेयरमैन को पितृशोक



**टोहाना।** नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल के पिता टेकचंद बंसल का बीमारी के चलते निधन हो गया वे 85 वर्ष के थे। चंडीगढ़ रोड पर नहर के पास स्वर्गाश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान क्षेत्र के राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक व अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर टेकचंद बंसल को नमन किया। टेकचंद बंसल टोहाना से पार्षद भी रहे है।

### झगड़ा करने के मामले में तीन युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गांव कुम्हारिया में एक युवक के साथ लड़ाई झगड़ा करने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को काबू किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान रोहताश पुत्र रमेश, सुनील पुत्र भूप सिंह व कीमत पुत्र आत्माराम निवासी कुम्हारिया के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को गांव कुम्हारिया निवासी पृथ्वी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रात को जब वह अपनी मौसी के घर से स्कूटी पर अपने घर जा रहा था तो रास्ते में 3-4 लोगों ने उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया।

### अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में रानियां के वार्ड नंबर 6 निवासी अमित चावला ने बताया कि बीती 9 मई की दोपहर को उसने अपने घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। कुछ समय बाद संभाली तो गायब मिली। दूसरे मामले में शहर के चंडीगढिय़ा मोहल्ला निवासी गौरव कुमार ने बताया कि बीती 10 मई की सुबह उसने लालबती चौक स्थित अपनी दुकान के बाहर बाइक खड़ी की थी कुछ समय बाद संभाली तो गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी काबू



**डबवाली।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान कुलदीप कुमार निवासी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। शहर थाना डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि गुरजिंद्र सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी सिंगेवाला के बयान पर कि वह वाल्मीकि चौक के समीप सैलून में कटिंग करवा रहा था। उसी समय दुकान के सामने दो अज्ञात लडक़े आए और बाइक चोरी करके ले गए। जिस पर थाना शहर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जो जांच के दौरान इस मामले में एक आरोपी को पहले से काबू करके उसके कब्जे से चोरीशुदा बाइक बरामद किया जा चुका है।

### सांसद बराला ने जनसंवाद के माध्यम से सुनी जनसमस्याएं

# आपरेशन सिंदूर की सफलता राष्ट्रीय संकल्प और एकजुटता का प्रतीक

#### सांसद ने सेना के योगदान को जमकर सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। लोगों की शिकायतें सुनते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक सशक्त, स्वाभिमानी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में उभरा है। आज भारत न केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा में सक्षम है, बल्कि विश्व के मंच पर शांति, विकास और स्थायित्व के लिए भी एक निर्णायक भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में देश के सशस्त्र बलों ने आपरेशन सिंदूर के द्वारा करारा जवाब दिया। आपरेशन सिंदूर की सफलता हमारे राष्ट्रीय संकल्प और एकजुटता का प्रतीक है।

सांसद सुभाष बराला ने रविवार को अपने निवास स्थान पर नागरिकों के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याएं राज्यसभा सांसद के समक्ष रखी। सांसद सुभाष बराला ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान किया। बराला नने कहा जनसेवा ही हमारा संकल्प है। क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित समाधान हो और हम मिलकर क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे ले जाएं। उन्होंने नागरिकों की शिकायतों, जैसे पेयजल, बिजली, सडक़, राशन कार्ड, और पेंशन से संबंधित मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया।

**विकास पर चर्चा**

उन्होंने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात हुई, जिनके साथ क्षेत्र के विकास पर सार्थक चर्चा हुई। चर्चा में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, और रोजगार सृजन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर जाट धर्मशाला प्रधान कृष्ण श्योकन्द, दहाडन खाप प्रधान सुरजभान आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। जैन स्थानक में उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

## मां, महात्मा और परमात्मा सबसे बड़ा उपकार : मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आगम ज्ञाता योगीराज गुरूदेव अरूण चन्द्र महाराज के सुशिष्य एवं ओजस्वी वक्ता अमन मुनि महाराज ने कहा कि मां, महात्मा और परमात्मा का हम पर बहुत बड़ा उपकार है। बचपन को मां संभालती है, जवानी को महात्मा संभालते हैं और वृद्धावस्था परमात्मा का भजन करने के लिए होती है। अमन मुनि जी महाराज आज ठाकर बस्ती स्थित जैन स्थानक में श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रहे थे। अमन मुनि महाराज की फतेहाबाद कर्मभूमि और जन्मभूमि है। आज फतेहाबाद के अलावा सिरसा, रतिया, बुढलाडा, नरवाना, कैथल, हिसार, रोहतक, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व दिल्ली से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचे और प्रवचनों का लाभ लिया। मातृ दिवस पर गुरूदेव अमन मुनि महाराज ने कहा कि शरीर में नाडी और समाज में नारी का विशेष महत्व है। नाडी बिना शरीर बेकार है और नारी बिना समाज पंगु है। उन्होंने कहा कि नारी के 3 रूप लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा है। जब समाज में बुराई आती है तो नारी दुर्गा का रूप ले लेती है और जब समाज को शिक्षित करना हो तो सरस्वती का रूप है। इसके साथ-साथ नारी को लक्ष्मी का रूप भी माना जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को नारी शक्ति का हमेशा सम्मान करने की बात कही। इस अवसर पर गुरु सेवक परिवार के उत्तरी जोन के प्रधान मुकेश प्रजापति, श्याम नगर के प्रधान सुरेंद्र मित्तल , संजीव जैन, सतीश जैन व अन्य मौजूद रहे।

## एजुकेशन सिस्टम में बदलाव को लेकर मंथन

■ एमएम शिक्षण महाविद्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। एमएम बीएड कॉलेज में आयोजित बैठक में भाग लेते मैनेजमेंट सदस्य।

एमएम शिक्षण महाविद्यालय में भविष्य की योजनाओं को लेकर आईक्यूएसी विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में विशेष तौर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा से डॉ. राजकुमार ने भाग लिया और अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। बैठक में एजुकेशन सोसायटी के सचिव एडवोकेट विनोद मेहता, एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के उपप्रधान संजीव बत्रा व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और कॉलेज की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बैठक में इंडियन नॉलेज सिस्टम, टीचर एजुकेशन सिस्टम में आने वाले बदलावों के अलावा 4 वर्षीय बीएबीएड कोर्स को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपप्रधान संजीव बत्रा ने कहा कि इंडियन नॉलेज सिस्टम में भारतीय संस्कृति, वैदिक ज्ञान व नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया जाना है। डॉ. राजकुमार ने एमएम एजुकेशन सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की सराहना की और भविष्य में इन्हें कैसे बेहतर बनाया जा सकता है।

## पक्षियों को दाना-पानी देने के लिए युवा अरोड़वंश सोसायटी ने शहर के पेड़ों पर लगाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

श्री अरोड़वंश महासभा के अध्यक्ष अशोक ग्रोवर द्वारा नियुक्त युवा अरोड़वंश वैल्फेयर सोसायटी सदस्यों द्वारा पक्षियों को दाना-पानी देने के लिए पेड़ों पर सकोरे लगाने का अभियान जारी है। रविवार को शहर के मंडी रोड़ स्थित वाटर वक्र्स में युवा प्रधान डॉ पीयूष अरोड़ा की अध्यक्षता में व प्रोजेक्ट चेयरमैन मोहन चिलाना की देख रेख में भिन्न भिन्न स्थानों पर सकोरे लगाकर उसमें दाना-पानी डाल कर वृक्षों पर टांगा गया ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। इस मौके पर पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई छोटू राम, शमशेर सिंह, दलबीर सिंह, भीम सिंह, शोभा राम सहित मौजूद रहे और उन्होंने युवाओं द्वारा शुरू किए अभियान को सराहा। कोषाध्यक्ष हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि युवा अरोड़वंश वैल्फेयर सोसायटी गर्मी के मौसम के मद्देनजर विशेष अभियान के तहत पक्षियों के दाना पानी हेतू पेड़ों पर सकोरे लटकाने का कार्य किया जा रहा है। आज शहर के मंडी रोड़ स्थित वाटर वक्र्स में युवा सदस्यों द्वारा स्कोरे लटकाए गए। गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों को पानी मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सोसायटी के सदस्य अपने स्तर पर सकोरे लगाकर उसमें पानी भर रहे हैं। इस दौरान सदस्यों द्वारा स्कोरे संभाल हेतू ड्यूटियां भी लगाई गई। उन्होंने बताया कि सोसायटी की मुहिम गर्मियों में लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गर्मियों में जानवरों के लिए पानी का प्रबंध करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है।

### एफडी के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर के शास्त्री कॉलोनी निवासी एक महिला के साथ एफडी के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता सरोज रानी ने बताया कि उसने वर्ष 2012 में सांगवान चौक, नजदीक पेट्रोल पंप के पास स्थित तत्कालीन एमर्जिंग इंडिया इंफ्रा एंड डेवल्पर्स लिमिटेड (जिसका बाद में नाम द नेशनल को-ओप नेट क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड कर दिया गया) से 02 फरवरी 2012 को 5 साल के लिए मेरे खुद के नाम से अपनी पहली एफडी करवाई थी, जिसकी कुल राशि 102000 रुपए थी। कंपनी की मेन ब्रांच मोहाली पंजाब में स्थित है जिसका मुख्य संचालक गुरप्रीत सिंह सिद्धू है, जो पंजाब में ही रहता है। एफडी पूरा होने का समय अप्रेल 2018 था। जो वर्ष 2016/17 के दौरान ही सिरसा में स्थित कंपनी का कार्यालय किन्हीं कारणों से बंद हो गया था। इस उपरांत एफडी का समय पूरा होने पर जब वर्ष 2018 में मेरा बेटा संदीप कुमार राशि लेने के लिए मेन ब्रांच मोहाली पंजाब गया तब वहां कुछ कर्मचारी बैठे थे, जिन्होंने मेरे बेटे से एफडी के कागज जमा करवा लिए व एक सफेद कागज पर उनकी कंपनी की मोहर लगाकर रसीद के तौर पर एक कागज दे दिया व कहा कि अभी राशि नहीं है, बाद में आना। मेरे बेटे संदीप कुमार को उनका रवैया संदेहजनक लगा। इसके कुछ समय बाद मेरा बेटा दोबारा मेन ब्रांच मोहाली पंजाब गया, तब देखा कि यहां की मेन ब्रांच, पुलिस द्वारा सील की गई है व कंपनी बंद हो चुकी थी।

## पुराने कुएं का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां



भट्टूकलां। पुराने कुंए की साफ-सफाई में जुटे क्षेत्रवासी

भट्टू में 62 वर्ष पूर्व बने कुएं का जीर्णोद्धार करने का शहर के युवाओं ने बीड़ा उठाया है। भट्टूकलां की प्राचीन धरोहर रेलवे फाटक के पास स्थित प्राचीन कुआं, जिसकी स्थापना गांव के बड़े बुजुर्गो ने 1963 में की थी, जो कि अब लगभग लुप्त होने के कगार पर है। आज से 62 वर्ष पूर्व जब पीने के पानी के लिए लोगों को दूरदराज तक पैदल ही भटकना पड़ता था, उस समय इस कुंए ने भट्टू कस्बे को ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों के लोगों की अपने शीतल जल से प्यास बुझाने का काम किया था। तब पीने के पानी के साधन केवल मात्र जोहड़, तालाब, कुआं ही होते थे। धीरे धीरे पीने के पानी के जल घर , नहर आदि से गांवो में पानी की व्यवस्था होने लगी। इसके चलते 35 वर्ष पूर्व लोग इस कुएं को भी धीरे धीरे भूलने लगे। पिछले माह नहर बंदी के चलते पानी की किल्लत में लोगों को दोबारा इन पुराने कुओं की याद आने लगी।

### प्रोपर्टी डीलर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**सिरसा।** फर्जी टोकन नंबर देकर स्टांप फीस व डेवल्पमेंट चार्जिज की राशि खुर्दबुर्द कर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने प्रोपर्टी डीलर गुरचरण सिंह निवासी सुखसागर कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में प्रीत सागर निवासी कमल किशोर ने बताया कि उसने कड़ी मेहनत के साथ पैसे जमा करके मकान खरीदा था और मकान का सौदा आरोपी गुरचरण सिंह ने करवाया था। इकरारनामा के अनुसार तयशुदा राशि आरोपी को दे दी गई। आरोपी ने रजिस्टरी करवाने के नाम पर 21000 रुपए की राशि 09 नवंबर 2024 को डेवल्पमेंट चार्जिज के नाम से अपने खाते में जमा करवाई। इसी तरह से ई-दिशा से टोकन लेने की एवज में 1 लाख रूपए की राशि बाबत स्टांप फीस बैंक के जरिए 12 दिसंबर 2024 को उसके खाते में जमा करवाई। 20 दिसम्बर व 26 दिसंबर 2024 को दो टोकन नंबर उसे आरोपी ने भेजे, जोकि दोनों टोकन फर्जी थे और ये टोकन किसी और के बदलकर हमें धोखे में रखा और यह कहा कि डीआरओ एक एरिया की रजिस्टरी नहीं करवा रहा, इसलिए आपकी रजिस्टरी नहीं हो सकती। इस पर पता चला कि उसने अभी तक स्टांप ड्यूटी की खरीद नहीं की है। इसलिए टोकन जारी होने का कोई सवाल नहीं उठता। उसने व रिश्तेदारों ने जब इसकी जानकारी लेनी चाही तो उसने 27 दिसंबर 2024 को साथ में जाकर स्टांप खरीदे और स्वीकार किया कि उसने प्रार्थी को धोखे में रखते हुए उसके द्वारा भेजी गई राशि को खुर्दबुर्द किया और धोखाधड़ी करते हुए फर्जी टोकन नंबर जारी किए।

### एडीसी से मिला एनआईआरसी का प्रतिनिधिमंडल

**सिरसा।** सिरसा ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ आईसीएआई के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अतिरिक्त उपायुक्त से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन सीए अतुल जैन, सचिव सीए अश्वनी अरोड़ा, कैशियर सीए मोहित भारती शामिल थे। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त से भेंट कर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि सिरसा शाखा का प्रत्येक सीए सदस्य, विद्यार्थी एवं हमारा पूरा परिवार इस कठिन समय में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। राष्ट्रसेवा ही सर्वोपरि है। हम सदैव देशहित और जनकल्याण के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में राष्ट्र के साथ एकजुट हैं। हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं पर निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं और हम जिम्मेदार नागरिक और पेशेवर होने के नाते, घरेलू मोर्चे से अपना पूरा समर्थन देने का संकल्प लेते हैं।

### आर्य समाज मंदिर में मासिक सत्संग संपन्न

**सिरसा।** आर्य समाज मन्दिर में रविवार को मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। पुरोहित रविंद्र शास्त्री के द्वारा हमारे वीर जवानों के लिए उनकी मंगल-कुशल कामना हेतू वृहद यज्ञ अनुष्ठान किया गया। इस मौके पर वक्ता स्वामी शिवानंद सरस्वती ने आचरण, भाषण, सत्य, राष्ट्रप्रेम, समाज जागृति आदि विषयों पर प्रकाश डालते हुए अपना वक्तव्य दिया। साथ ही उन्हीं की अध्यक्षता में आज आर्यसमाज सिरसा की कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न हुआ। संरक्षक जगदीश सिंवर ने प्रधान के पद के लिए अशोक वर्मा का नाम रखा जिस पर सर्वसम्मति से अशोक वर्मा को दोबारा प्रधान पद पर सुशोभित किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रधान अशोक वर्मा ने हमेशा की तरह अपनी जिम्मेदारियों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में संरक्षक जगदीश सिंवर, मंत्री ओमप्रकाश खर्रा, कोषाध्यक्ष हवा सिंह, लेखानिरीक्षक राजेंद्र चाडीवाल, ओमप्रकाश भजनोपदेशक, चन्द्रभान ढोलकवादक, शमशेर सिंह, श्योचंद्र बैनीवाल व अन्य मौजूद रहे।

## जैन स्थानक में मनाया गया मदर डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों को सम्मानित करते हुए जैन समाज के सदस्य।

संघ प्रमुखा महासाध्वी संयम प्रभा कमल महाराज की सुशिष्या महासाध्वी सुदक्षा महाराज साहब ठाणे 5 के सानिध्य में रविवार को रतिया जैन स्थानक में मदर डे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस कार्यक्रम में रतिया के अलावा फतेहाबाद, सरदूलगढ़, सिरसा, रानिया, टोहाना, नरवाना, हिसार तथा अन्य शहरों से भी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रवचन करते हुए सुदक्षा महाराज ने कहा कि आज मदर डे के अवसर पर, हम माताओं के प्रति अपने सम्मान और आभार को व्यक्त करते हैं। माता का प्रेम और समर्पण अनमोल है, जो हमें जीवन के हर मोड़ पर प्रेरित करता है।जैन साध्वी ने प्रवचन में कहा कि माता का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता, लेकिन हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान को प्रकट कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि माता हमें जीवन का पहला पाठ पढ़ाती है, हमें जीने का तरीका सिखाती है और हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है। माता का प्रेम और समर्पण हमें जीवन में आगे बढऩे की प्रेरणा देता है और हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करता है। जैन महासाध्वी ने कहा कि मातृ प्रेम और समर्पण की भावना को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए और दूसरों के प्रति भी प्रेम और करुणा की भावना रखनी चाहिए।

### मोहम्मदपुर रोही की गोशाला में श्री धेनु मानस गोकथा का शुभारंभ

# गोसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और गोकथा से श्रेष्ठ कोई साधना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




प्रवचन करते स्वामी राजेंद्रानंद महाराज



फतेहाबाद। उत्सव में उपस्थित श्रद्धालु।

भारतीय संस्कृति की आत्मा मानी जाने वाली गोमाता की सेवा और महिमा का भव्य उत्सव श्री धेनु मानस गो कथा के रूप में फतेहाबाद के काजल हेड़ी और मोहम्मदपुर रोही गांवों में भक्तिपूर्ण मनाया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य केवल धर्म प्रचार नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, गोसंवर्धन और समाज जागरण को जन-जन तक पहुंचाना है।

कथा का वाचन अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास गो ऋषि स्वामी राजेंद्रानंद महाराज हरिद्वार वाले कर रहे हैं, जिनकी वाणी और विचारों में धर्म, विज्ञान और सेवा भाव का अद्भुत समन्वय है। स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने रविवार सुबह काजल हेड़ी की श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला में चल रही कथा का समापन रविवार को हवन के साथ किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर पुण्य अर्जित किया। हवन के समय वातावरण वैदिक मंत्रों, शंख ध्वनि और स्वामी की प्रेरणादायक वाणी से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने गोमाता की जयघोष के साथ पूर्ण आस्था व श्रद्धा से आयोजन में भाग लिया। कथा समापन के पश्चात यह आध्यात्मिक आयोजन मोहम्मदपुर रोही स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला एवं नंदीशाला में स्थानांतरित हुआ, जहां इसका शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया। सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वस्त्रों में सजधज कर सिर पर कलश रखकर गली-गली मंगल गीतों के साथ कलश यात्रा निकाली। यह दृश्य केवल धार्मिक ही नहीं, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता की मिसाल भी बना। कलश यात्रा में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढक़र भाग लिया। पूरे गांव में भक्ति का उत्सव दिखाई दिया।

मुख्य सडक़ों पर तोरण द्वार, पुष्पवर्षा, रंगोली और ध्वजों से स्वागत किया गया।

**स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने दिए प्रवचन**

कथा का पहला दिन मोहम्मदपुर रोही में अत्यंत प्रेरणास्पद रहा। स्वामी राजेंद्रानंद महाराज ने प्रवचनों में कहा कि गोमाता केवल एक पशु नहीं, वे धरा पर करुणा, मातृत्व और जीवन का प्रतीक हैं। उनकी सेवा से व्यक्ति का जीवन सार्थक होता है। उन्होंने कहा कि गोसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और गोकथा से श्रेष्ठ कोई साधना नहीं। आधुनिक युग में भौतिकता के अंधे दौड़ में हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भूलते जा रहे हैं। ऐसे में गोकथा जैसे आयोजन समाज को चेतना और मूल्य आधारित जीवन की दिशा दिखाते हैं। स्वामी राजेंद्रानंद ने गो कथा में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रतिदिन गोसेवा, वृक्षारोपण, नशामुक्ति, स्वदेशी अपनाने और ग्राम सेवा जैसे संकल्प दिलवाते हैं। उनका मानना है कि भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए सनातन मूल्यों की पुनर्स्थापना आवश्यक हैं इस दिव्य आयोजन ने केवल धार्मिक महत्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी कार्य किया है।

### महिला से पर्स छीनने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** एक महिला से पर्स छीनने के मामले में टोहाना पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों में काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सागर पुत्र सुमेर निवासी दनौंदा हाल राजनगर टोहाना के रूप में हुई है। डीएसपी टोहाना उमेद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को भाटिया नगर टोहाना निवासी मनजीत कौर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रात करीब 9 बजे वह जींद रेलवे स्टेशन से टोहाना आई थी। जब वह टोहाना रेलवे स्टेशन से भाटिया नगर की तरफ जा रही थी तो अनाज मण्डी गेट के पास एक युवक उसके पास आया और उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में एक मोबाइल फोन, 8 हजार रुपये व अन्य कागजात थे। इस मामले में टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया था।